तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025



11 कर्मा जयंती पर कलश यात्रा निकाली एवं जनप्रतिनिधियों का किया...



12 शासकीय विद्यालय पोंडी के परिणाम घोषित






## खबर संक्षेप

### हाइड्रा की टक्कर से मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार से वाहन को चलाते हुए चालक ने युवक को चपेट में लिया। हादसे में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 281,106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि बीरपारा माजपारा थाना रानीताला जिला मुर्सिदाबाद पश्चिम बंगाल हाल मुकाम कोलिहापुरी निवासी ओसिमुददीन शेख ने सूचना दी कि ग्राम कोलिहापुरी भारतमाला रोड प्रोजेक्टा में हाइड्रा वाहन सीजी 07 बीटी 0316 के चालक सांकरा सोमानी निवासी नरेन्द्र कुमार निषाद के द्वारा हाइड्रा क्रेन को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाते मोहम्मद हुमायूं कबीर को चपेट में लिया। हादसे में उसके शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई है।

### युवक पर चाकू से हमला, अपराध दर्ज

**भिलाई।** युवक को धारदार हथियार से हमला कर फरार होने वाले युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि बैकुंठधाम केम्प 2 निवासी रविशंकर शर्मा प्राइवेट कंपनी में सेल्समेन का काम करता है। 19 अप्रैल की रात अपने दोस्तो दीपक विश्वकर्मा, दीपक प्रजापति के साथ खडा था। पिता कन्हैयालाल शर्मा ने कॉल किया कि प्रशांत को अज्ञात ने चाकू से हमला कर दिया। दोस्तो के साथ पीड़ित अपने घर गया प्रशांत घायल पड़ा था। पुलिस ने जब प्रशांत से पूछताछ करने पर बताया कि दोस्त राहुल बांधे, राजवीर ऊर्फ लडडू शर्मा की बहन कशिश शर्मा से प्यार करता है। फोन पर बातचीत करता है। इस बात की जानकारी राजवीर ऊर्फ लडडू शर्मा को होने पर आदि ऊर्फ सोनू नागरारे, प्रकाश ऊर्फ लल्ला जांगडे, उमेंद सिंग ऊर्फ साहिल, प्रियांशु साहू ने मिलकर जैतखाम के पास बैकुंठधाम भिलाई पहुंचे। धारदार हथियार चाकू वार किया। जहां राहुल बांधे को देखकर राजवीर ऊर्फ लडडू शर्मा ने गाली गलौज किया।

### कैनरा बैंक में 87 करोड़ का संदिग्ध लेनदेन

**भिलाई।** जिले की बैंकों में लगातार म्यूल खातों में करोड़ों रुपए के संदिग्ध लेनदेन के मामले प्रकाश में आ चुके है। जिसमें गिरफ्तारी भी पुलिस ने की है। लेकिन उसके बाद भी म्यूल खाते लोग बेखौफ तरीके से चला रहें है। वैशाली नगर पुलिस ने 111 खाता धारकों के खिलाफ धारा 317(2), 317(4) 318(4), 61(2)(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि 87 करोड़ रुपए से अधिक का खातों में ट्रांजेक्शन है। जिसकी शिकायत वैशाली नगर के केनरा बैंक मैनेजर ट्रांजेक्शन को चेक कर पुलिस में शिकायत करने पहुंचे। इस रकम को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। उक्त बैंक खातों में साइबर ठग की राशि का ट्रांसफर हुआ है। आनन-फानन में बैंक ने इन खातों की करीब 22 लाख रूपए की राशि ही होल्ड कर पाई है।

# सुशासन तिहार का क्रियान्वयन जिले में प्राथमिकता से करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नवपदस्थ कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिला स्तरीय अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक लेकर जिले में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति के संबंध में जानकारी ली।

इस दौरान उन्होने कहा कि जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारी पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर बालोद जिले को प्रत्येक क्षेत्रें में अग्रणी बनाने हेतु भागीदारी सुनिश्चित करें। नवपदस्थ कलेक्टर ने जिले के अधिकारी–कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी–कर्मचारी पूरे लगन एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए निर्धारित समयावधि में शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। जिससे कि आम जनता एवं समाज के जरूरतमंद तथा अंतिम पंक्ति के लोगों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। कलेक्टर मिश्रा ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से बारी–बारी से परिचय प्राप्त कर उनके विभागीय कार्यों के संबंध में जानकारी ली। नवपदस्थ कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि जिलाधीश के रूप में पहली बार उन्हें कार्य करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं नूतन कंवर सहित राजस्व अनुविभागीय ▶▶| शेष पेज 10 पर

### नवपदस्थ कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने पदभार ग्रहण करने के बाद ली बैठक



#### पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से की जाएगी समीक्षा

इसके अलावा उन्होंने जिले में शिक्षा गुणवत्ता को बेहतर बनाने हेतु कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस दिशा में संबंधित विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों एवं अन्य जिम्मेदार लोगों से सुझाव लेकर कार्य किया जाएगा। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि वे बारी–बारी से पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी विभागों की कार्यों की विस्तृत समीक्षा करेंगी। इसके लिए उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## विवाद

**जगन्नाथपुर में रविवार को दो बारात आई, डीजे डांस को लेकर हुआ विवाद**

# बारातियों में जमकर मारपीट, कई घायल पुलिस की कड़ी सुरक्षा में शादी संपन्न हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम जगन्नाथपुर में रविवार की रात को एक शादी में बारात के दौरान जमकर बवाल हो गया। एक परिवार में दो लड़कियों की शादी हो रही थी। जिसके लिए चंदखुरी (दुर्ग) और ग्राम कोकड़ी, जिला दुर्ग से अलग–अलग बारात आई थी। दोनों ही दूल्हा पक्ष के द्वारा डीजे भी लगाया गया था। इस डीजे में लोग डांस कर रहे थे। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कुछ युवक तो शराब की बोतल सिर पर रखकर डीजे के धुन पर डांस कर रहे थे।

इस दौरान बारात आई लड़कियां भी थिरक रही थी। इस बीच नशे में चूर कुछ युवाओं द्वारा लड़कियों के साथ छेड़खानी जैसी हरकत किए जाने की चर्चा के मध्य ग्रामीण आक्रोशित हो गए और धक्का मुक्की के साथ मारपीट ▶▶| शेष पेज 10 पर





### दूल्हे को गाड़ी से उतरने नहीं दिया जा रहा था

एक दूल्हा तो अपनी जान बचाकर बालोद थाने पहुंच गया था, तो दूसरा दूल्हा जब अपनी दुल्हन के घर के पास पहुंचा तो उसे गाड़ी से उतरने नहीं दिया जा रहा था। कुछ लोग दूल्हे और ड्राइवर को मारने को आतुर थे। तो वही जिस गाड़ी में दूल्हा सवार था उस गाड़ी के मालिक कह रहे थे कि मेरी गाड़ी में तोड़फोड़ हुई है। अगर दूल्हे को बाहर निकालता हूं तो कुछ लोग दूल्हे और ड्राइवर को तो पीटेंगे ही, मेरी गाड़ी को भी नुकसान पहुंचाएंगे। इसकी भरपाई कौन करेगा? इस बहस के साथ घराती और बाराती के बीच भी वाद विवाद की स्थिति बनती रही। दूल्हा भी पुलिस के आने का इंतजार कर ही गाड़ी से उतरने की बात पर अड़ा रहा। महिलाओं की समझाइश के बाद दूल्हे की गाड़ी को मंडप के पास ले जाकर सुरक्षित उतारा गया और आगे की रस्में शुरू की गई। इधर बालोद से पुलिस टीम पहुंचने के बाद थाने पहुंचे दुल्हे को भी सुरक्षित शादी घर में लाया गया और दोनों की शादी संपन्न कराई गई।

### जमकर बिकी अवैध शराब, नशे के कारण ही बिगड़े हालात

जानकारी के अनुसार जगन्नाथपुर में बारात आने के बाद जमकर अवैध शराब की बिक्री हुई थी। बाराती सहित स्थानीय ग्रामीण भी कोचियों से शराब खरीदने और जाम छलकाने में मशगूल थे। सरपंच पति दौलत कोसमा ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि यही वजह है कि हम गांव में शराब भट्टी खोलने की अनुमति नहीं देना चाहते हैं और अवैध शराब बिक्री पर भी पाबंदी लगाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर जनपद सदस्य पति सुभाष हरदेल भी ▶▶| शेष पेज 10 पर

## नायब तहसीलदार की कार अनियंत्रित होकर पल्टी





**बालोद।** दुर्ग मुख्य मार्ग पर पड़कीभाट ग्राम के पास सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। लाहंडीगुड़ा मे पदस्थ नायब तहसीलदार खुशबू नेताम की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गढ्ढे मे पलट गई।

हादसे के समय राहगिरो ने तत्परता दिखाते हुए अफसर को सुरक्षित बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार यह घटना सुबह करीब 10 बजे की है। ग्राम अरौद निवासी खुशबू नेताम अपनी मां को बालोद छोड़कर वापस लौट रही थी। इसी दौरान रेल्वे ओवरब्रिज के नीचे एक अन्य वाहन को बचाने के प्रयास मे उनकी कार संतुलन खो बैठी और कीचड़ युक्त गढ्ढे मे पलट गई। हादसे के समय गढ्ढे मे पानी भरा हुआ था। गनीमत रही कि ग्रामीणो और राहगिरो की तत्परता से नायब तहसीलदार को समय रहते बाहर निकाल लिया गया। उन्हे किसी तरह की गंभीर चोट नही आई है। ग्रामीणो के अनुसार खुशबू नेताम वर्तमान मे जगदलपुर के लोहंडीगुड़ा मे पदस्थ है, अवकाश पर अपने गृहग्राम अरौद आई हुई थी, इस दौरान यह हादसा हो गया।

# अंचल के तालाब सूखे, पेयजल और निस्तारी की समस्या से लोग बेहाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

गर्मी ने इस बार सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और अप्रैल माह में ही सूरज ने आग बरसानी शुरू कर दी है। इसका सबसे बड़ा प्रभाव देखने को मिल रहा है दल्लीराजहरा शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां एक ओर तापमान तेजी से बढ़ रहा है वहीं दूसरी ओर जलस्त्रोत तेजी से सूखते जा रहे हैं। तालाबों का जलस्तर इतना गिर गया है कि कई तालाब पूरी तरह सूख चुके हैं। वहीं जिनमें थोड़ा बहुत पानी बचा है, वो भी निस्तारी के लायक नहीं रह गया है। दल्लीराजहरा क्षेत्र में जल संकट इतना गहराता जा रहा है कि अधिकांश बोरवेल या तो जवाब दे चुके हैं या उनमें पानी की मात्रा बेहद सीमित हो गई है। नलों में भी पानी आना लगभग बंद हो गया है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से लोग बर्तन लेकर पानी की तलाश में निकलते हैं लेकिन कई बार खाली हाथ लौटना पड़ता है।

- ज्यादातर नलकूपों सूखे, पानी के लिए लोगों को भटकना पड़ रहा

**पेयजल योजनाओं पर खर्च हुए करोड़ों, फिर भी हाल बेहाल** : सरकार और प्रशासन द्वारा पेयजल योजनाओं पर बीते वर्षों में करोड़ों रुपये खर्च किए गए, लेकिन वर्तमान स्थिति इन योजनाओं की असफलता को उजागर करती है। पेयजल टंकी, पाइपलाइन और बोरवेल जैसी संरचनाएं या तो पूरी तरह बेकार पड़ी हैं या फिर तकनीकी खामियों के कारण पानी नहीं दे पा रही हैं। ▶▶| शेष पेज 10 पर

### जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की चुप्पी

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की चुप्पी भी जनता को आहत कर रही है। जल संकट के समाधान के लिए न कोई विशेष योजना बनाई जा रही है और न ही वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। जनता की मांग है कि प्रशासन तत्काल टैंकरों से पानी की आपूर्ति शुरू करे और सूखे तालाबों की सफाई और गहरीकरण जैसे स्थायी उपायों पर गंभीरता से काम करे।

### जनहित की मांग

सभी सूख चुके तालाबों की तत्काल सफाई और गहरीकरण कार्य शुरू हो। जल आपूर्ति के लिए टैंकर की तत्काल व्यवस्था की जाए। खराब बोरवेल और नलों की मरम्मत कर पुनः चालू किया जाए।दीर्घकालीन योजना बनाकर वर्षा जल संग्रहण और संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

## पोषण पखवाड़े प्रोट्रीन पाउडर और आयरन की गोली वितरित

# बाल-संदर्भ शिविर में 40 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

पोषण पखवाड़ा अंतर्गत चयनित कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत पीसेगांव और कोल्हापुरी के कुपोषित बच्चों के लिए बाल संदर्भ शिविर तथा पंचायत प्रतिनिधि और बालकों की बैठक की गई जिसमें 40 बच्चों का डॉक्टर द्वारा स्वास्थ्य जांच किया गया और उन्हें प्रोटीन पाउडर मल्टीविटामिन आयरन और कैल्शियम दी गई।

पलक बैठक में माता-पिता के साथ बड़ी मात्रा में दादा-दादी और पिता भी उपस्थित थे उन्हें घर घर में आसानी से उपलब्ध पौष्टिक खाद्य सामग्री जैसे चना फ़ल्ली, तिल, गुड दाल भाजिया आदि से पौष्टिक के खजानी बच्चों के लिए बनाकर देने के लिए समझाइश दी गई ताकि बच्चों को नाडा कुरकुरे बिस्कुट के स्थान पर दी जा सके। सरपंच द्रौपदी देशमुख ने पा लकों को समझाया की बच्चों को नाडा कुरकुरे टोस्ट के स्थान पर रेडी टू ईट की रोटी चीला चावल पापड़ हवा पोहा पौष्टिक लड्डू आदि देवे ताकि स्वस्थ समाज का निर्माण हो साथ ही उन्होंने केंद्र के सभी कुपोषित बच्चों को पौष्टिक सामग्री प्रदान करने का आश्वासन दिया। डॉक्टर आरती वर्मा ने समझाया विटामिन सिरप के साथ घर का पौष्टिक खाना और साफ सफाई भी जरूरी है।



पर्यवेक्षक देवकी साहू ने मुनागा भाजी मीठा पत्ती,और जायफल के उपयोग के बारे में जानकारी दी इनके उपयोग से हम अपने बच्चों को स्वस्थ रख सकते है। कार्यक्रम में सरपंच द्रौपदी देशमुख पांच पूजा देहरे उमा देशमुख अनीता देशमुख, पर्यवेक्षक देवकी साहू, सभी कार्यकर्ता आए सहायिका महिला समूह के सदस्यगण, पालक एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




# बीएसपी के एसएमएस-3 में लैडल फर्नेस ट्रांसफर कार के निर्माण से बचेंगे करोड़ों रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में लैडल फर्नेस ट्रांसफर कार का आतंरिक संसाधनों से निर्माण कर एक महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि हासिल की गई है, जिससे प्रति कार बड़ी लागत की मत्वपूर्ण बचत सुनिश्चित हुई है।

एसएमएस-3 में तीन बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस (कन्वर्टर) हैं, जिनमें हॉट मेटल को परिष्कृत कर स्टील में परिवर्तित किया जाता है।



### इनका रहा योगदान

मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में शॉप एसएमएस-3 ने मुख्य महाप्रबंधक बीके बेहेरा के अनुमोदन एवं इंजीनियरिंग डिवीजन (ईडीडी) के तकनीकी परामर्श से इस ट्रांसफर कार का आतंरिक संसाधनों से निर्माण करने का निर्णय लिया। मौजूदा लैडल कार की ड्रॉइंग को विकसित कर रिवैम्पिंग सेल में इसकी बॉडी तैयार की गई और मशीन शॉप की सहायता से इसका यांत्रिक निर्माण संपन्न हुआ। 15 अप्रैल को इस आतंरिक संसाधनों से रूप से निर्मित लैडल ट्रांसफर कार का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार द्वारा किया गया। इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन में महाप्रबंधक एचके सचदेव, महाप्रबंधक नाबर्शी रॉय, वरिष्ठ प्रबंधक प्रमोद कुमार, सहायक महाप्रबंधक गीतेश देवांगन, महाप्रबंध त्रिभुवन बैठा, श्री पी. सतपथी संजीव कुमार मिश्रा, अजित नारायण, वरिष्ठ प्रबंधक अभिषेक झा, सहायक महाप्रबंधक किरण कुमार, महाप्रबंधक डीके वार्ष्णेय, सहायक महाप्रबंधक केके तिवारी, वरिष्ठ प्रबंधक आशुतोष सिंह, सहायक प्रबंधक लक्ष्मी नारायण रेड्डी, सहायक महाप्रबंधक मुनीम खान, तथा प्रबंधक गौरव पटेल सहित एसएमएस-3 के अन्य अधिकारियों का योगदान रहा।

कन्वर्टर से टैप किए गए तरल स्टील को ट्रांसफर कारों के माध्यम से स्टील लैडल्स में डालकर सेकेंडरी रिफाइनिंग यूनिट में भेजा जाता है। इसमें तीन लैडल फर्नेस में उसका अंतिम रिफाइनिंग कर उच्च गुणवत्ता का स्टील उत्पादित किया जाता है। प्रत्येक लैडल फर्नेस के लिए एक समर्पित ट्रांसफर कार है, जिसकी भार क्षमता 80 मीट्रिक टन है। चूंकि एसएमएस-3 के पास कोई अतिरिक्त लैडल ट्रांसफर कार उपलब्ध नहीं थी।

## खबर संक्षेप



### योगदान को बताया सराहनीय

**भिलाई।** संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मेला अंबेडकर प्रतिमा चौक पावरहाउस में संपन्न हुआ। सांसद विजय बघेल, पूर्व मंत्री विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे, वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन, भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव , पूर्व विधायक सांवलाराम डाहरे पूर्व विधायक, संभाग आयुक्त महादेव कावरे, जांच आयोग आयुक्त दिलीप वासनिकर, अध्यक्ष सुनील रामटेके, सर्व दलीय प्रतिनिधि, कलाकार और संस्था के पदाधिकारी शामिल हुए। विभिन्न स्थानों से निकली रैली अंबेडकर चौक पर समाप्त हुई। यहां सभा में मुख्य वक्ताओं ने बाबा साहब के संविधान और देश में योगदान को सराहनीय बताया।

### रेलवे कर्मी के मकान का ताला टूटा

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर टेक्निशियन के मकान से सोना चांदी के जेवरात और नगदी पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि टंकी मरोदा गणेश चौक निवासी मनोज कुमार कोठारी रेल्वे में टेक्नीशियन पद पर कार्यरत है। मकान में ताला जड़कर परिवार समेत ससुराल रायपुर घुमने गए थे। पडोसी संजू सारजा ने कॉल कर सूचना दी कि मकान का ताला टूटा पड़ा मिला है। वापस घर पहुंचने पर देखा सारा सामान बिखरा पड़ा मिला है। मकान से सोना चांदी के जेवरात, टीवी, लेपटॉप,गुल्लक में रखे नगदी रकम चोरी हो गया। उक्त सामनों की कीमत 60 हजार रुपए आंकी गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। शहर में लगातार चोरी की वारदात हो रही है। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह फेल हो गई है। आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### आरटीई पोर्टल में तकनीकी सुधार से डुप्लीकेट आवेदनों पर अंकुश, 25 हजार फार्म कम भरे

# आरटीई से दाखिले के लिए स्कूलों में100 गुना ज्यादा आवेदन, इस बार कड़े नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई




अनिवार्य व निःशुल्क बाल शिक्षा अधिकार के तहत निजी स्कूलों में दाखिले के लिए आवेदन करने का पहला चरण पूरा हो गया है। दुर्ग सहित पूरे प्रदेश भर में 54 हजार 300 सीटों के लिए आवेदन मांगे गए। इस चरण में सबसे अहम बात यह रही कि डुप्लीकेट आवेदनों पर अंकुश लगा। पिछले साल की अपेक्षा प्रदेशभर में 25 हजार फार्म कम भरे गए हैं। वर्ष 2024-25 में 1 लाख 30 हजार 500 फार्म पहले चरण में भरे गए थे। इस बार 1 लाख 5 हजार 372 आवेदन हुए। वहीं नामी गिरामी स्कूलों में दाखिले के लिए सबसे ज्यादा होड़ मची है। हाल यह है कि सीटों से 100 गुना ज्यादा आवेदन इन स्कूलों के लिए आए हैं।

#### दुर्ग जिले में 3 हजार आवेदन कम

दुर्ग जिले में पहले चरण में पिछले साल की अपेक्षा करीब 3 हजार आवेदन कम आए हैं। पिछले साल वर्ष 2024-25 में पहले चरण में 13300 आवेदन आए थे। इस बार वर्ष 2025-26 में 10532 आवेदन आए हैं।

#### 100 गुना से ज्यादा आवेदन

भिलाई के नामी स्कूलों के लिए बच्चों ने सबसे ज्यादा आवेदन भरे हैं। डीपीएस दुर्ग, डीपीएस भिलाई, मैत्री विद्या निकेतन, केपीएस स्कूल, डीएवी स्कूल, शंकराचार्य विद्यालय, इंदु आईटी सहित 12 स्कूल हैं। इन स्कूलों में सीटों से 100 गुना ज्यादा आवेदन आए हैं। इन स्कूलों में बच्चों के प्रवेश के लिए मारामारी मची

#### नामी स्कूलों की सीटें और आवेदनों की संख्या

| स्कूल | सीटें | आवेदन |
|---|---|---|
| डीपीएस दुर्ग- | 30 | 299 |
| डीपीएस भिलाई | 91 | 202 |
| केपीएस नेहरूनगर | 59 | 390 |
| केपीएस सुंदरनगर | 23 | 813 |
| शंकराचार्य विद्यालय | 47 | 222 |
| शकुंतला विद्यालय | 37 | 883 |
| इंदु आईटी | 16 | 792 |
| डीएवी हुडको | 54 | 172 |
| शारदा विद्यालस | 33 | 328 |
| मैत्री विद्या निकेतन | 29 | 328 |

#### डुप्लीकेट व फर्जीवाड़ा पर रोक के लिए बने नए नियम... पालन जरूरी

**राशन कार्ड में नहीं चलेगा पोता-पोती**

1 अंत्योदय राशनकार्ड परिवार से अभिप्रेरित है। इसलिए इसमें केवल पति, पत्नी और उनके अविवाहित बच्चे तथा आश्रित सदस्य होना चाहिए। यह नियम परिभाषित करता है कि पोता, पोती, नानी या नातिन का नाम दर्ज नहीं हो सकता। जिला खाद्य विभाग, नगरनिगम व नगर पालिका के द्वारा फर्जी तरीके से विवाहित बच्चों व उनके बच्चों का नाम जोड़ा गया।

**2011 के दस्तावेज का नहीं हो सकता परीक्षण**

2 सामाजिक, आर्थिक तथा जातिगत जनगणना 2011 के दस्तावेजों का परीक्षण नहीं किया जा सकता। इसलिए कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय दुर्ग में इस जनगणना के हितग्राही परिवारों की अनुमोदित सूची उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण नोडल प्राचार्य आवेदकों का इस दस्तावेज सत्यापन नहीं कर सकते।

**गरीबी रेखा का अनुमोदन नहीं कर सकेंगे अनुमोदन**

3 गरीबी रेखा की सूची में आवेदक के संरक्षक का नाम दर्ज होना चाहिए। लेकिन राजपत्र के अनुसार गरीबी रेखा की सूची में माता-पिता का नाम दर्ज होना चाहिए। यानी नोडल प्राचार्य आवेदक के दादा-दादी के गरीबी रेखा सत्यापन प्रमाण पत्र का अनुमोदन नहीं कर सकते हैं।

**लाटरी सिस्टम से चयन**

"जिन स्कूलों में सीटों से ज्यादा आवेदन आए हैं वहां लाटरी सिस्टम से प्रवेश दिया जाएगा। नामी स्कूलों के लिए सबसे ज्यादा आवेदन आए हैं। परीक्षण चल रहा है। - **अरविंद कुमार मिश्रा,** डीईओ दुर्ग

# छग में साहू समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है : साव



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई/सेलूद

तहसील साहू संघ पाटन द्वारा दो दिवसीय तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन अमलेश्वरडीह में रविवार को किया गया। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव थे। कार्यक्रम की शुरुआत 1009 दीपों के साथ कृष्ण कर्मा की महाआरती के साथ हुई।

■ कर्मा जयंती महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन

श्री साव ने कहा कि सामूहिक विवाह में जिसका विवाह सम्पन्न होता हैं, उसका दाम्पत्य जीवन सुखमय और सफल होता हैं। क्योंकि पूरा समाज एक साथ आशीर्वाद प्रदान करता है। यहां विवाह बंधन में बंधने वाले 24 जोड़ा समाज के गौरव व प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा कि साहू समाज की ताकत समाज के लोगों की मेहनत व ईमानदारी हैं, जिससे हमारा समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सामूहिक विवाह मे शामिल बेटा बेटियों को बधाई देते हुए कहा आप सभी का वैवाहिक जीवन सुखमय हो आपके माता पिता को भी बधाई व धन्यवाद जो की अपनी बेटियां व बेटों की विवाह सामूहिक विवाह मे विवाह करा रहे हैं। इससे परिवार को आर्थिक बोझ से निजात मिलती है। समय और पैसों की भी बचत होती है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि आजकल शादी के पहले प्रीवेडिंग की कुप्रथा चल रही है। इस पर रोक लगाने की जरूरत है। शादी, ब्याह परंपरा के अनुसार होना चाहिए। आज के दौर में समाज में नया नया वर्ग पैदा हो रहा है। कुछ लोग अपने आप को कट्टर कांग्रेसी मानते है तो कुछ लोग कट्टर भाजपा वर्ग के मानते हैं। ठहरे हुए पानी में गंदगी आती है। सामाजिक संगठनों बहते हुए पानी की तरह हो।सांसद विजय बघेल ने कहा भक्त माता कर्मा ने अपनी जीवन की हर तपस्या, साधना,पूजा, भक्ति को समाज के लिए समर्पित कर दिये।

# स्कूटी से वार्ड संपर्क अभियान में निकले विधायक रिकेश सेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन अपने वार्ड संपर्क अभियान के तहत रविवार को वार्ड-1 खमरिया जुनवानी में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मौके पर समस्याओं का निराकरण किया वहीं कुछ अन्य समस्याओं के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। विधायक 5 घंटे तक स्कूटी पर वार्ड की समस्याओं से अवगत होते रहे।

■ खमरिया जुनवानी में दिए कई समस्याओं के निदान के निर्देश

उन्होंने खमरिया पौनी पसारी बाजार पर असामाजिक तत्वों के अड्डे की शिकायत पर तत्काल तबूतरे को तोड़वा दिया। तत्काल बुलडोजर चलवा दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले यह चबूतरा बारात के जनवासा समेत गांव की अन्य बैठकों के काम आता था लेकिन अब इन चबूतरों पर देर रात तक आसामाजिक तत्व शराब सेवन करते हैं, जुआं खेलते हैं जिससे महिलाओं को परेशानी हो रही है। चबूतरे पर लगा डोम शेड निकालकर उन्होंने मुक्तिधाम में लगाने के निर्देश दिए। विधायक द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि मुक्तिधाम में कचरा डंप होने की जानकारी मिलने पर विधायक ने निगम स्वास्थ्य अधिकारी को वहां ट्रेंचिंग ग्राउंड न बनाने के निर्देश दिए। 10 हजार वर्गफुट पर पूर्व में बनाया गया कांजी हाऊस वर्षों से बंद पड़ा है, जिसे डिस्मेंटल कर मांगलिक भवन बनाने के निर्देश देते हुए 30 लाख रूपये की घोषणा की। भ्रमण के दौरान महिलाओं ने विधायक से सूनसान स्थान पर बोरिंग होने से परेशानी होने व अन्यत्र शिफ्ट कराने की मांग की।

# प्रेमी ने किया मंगेतर का अपहरण प्रेमिका समेत आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



अपहरण करने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि मंगल बाजार छावनी निवासी भूपेन्द्र यादव ने शिकायत किया कि दोस्त टोकेश साहू के साथ बाइक में बैठकर घर जा रहे थे। तभी बोगदा पुलिया के पास पहुंचते ही कार में सवार व्यक्तियों ने बाइक को रोका। कार से युवक उतरे और टोकेश साहू को गाली गलौज कर जमकर मारपीट कर कार में बिठाकर अपहरण कर बेमेतरा ले गए। मौका पाते ही टोकेश साहू फरार हो गया। तकनीकी सहायता और हुलिया के आधार पर आरोपी कौगिया कला थाना परपोड़ी जिला बेमेतरा, हाल-इन्द्रप्रस्थ नगर, नागपुर(महाराष्ट्र) निवासी दुर्गेश साहू को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसने पुलिस को बताया कि वह हेम कुमारी साहू उर्फ हेमा से प्रेम करता है। हेम कुमारी की शादी टोकेश साहू के साथ तय हुआ था। हेम कुमारी टोकेश से शादी नही करना चाहती थी। आरोपी हेम कुमारी अपनी शादी की जानकारी, मंगेतर टोकेश साहू का बायोडाटा व फोटो अपने प्रेमी आरोपी दुर्गेश साहू को दिया। आरोपी दुर्गेश साहू अपने दोस्त ग्राम डूंडा थाना व जिला बेमेतरा हाल में इन्द्रप्रस्थ नगर, नागपुर महाराष्ट्र निवासी अमित वर्मा उर्फ राजा बंटी के साथ मिलकर साजिश रची। नागपुर से क्रेटा कार में बोगदा पुलिया जामुल आकर टोकेश साहू को रास्ते में रोक कर मारपीट किया।

■ जामुल थाना क्षेत्र की घटना, महाराष्ट्र से पकड़े गए आरोपी

### सामूहिक विवाह के लिए रावघाट के गांवों को दी वित्तीय सहायता

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक गतिविधियों के तहत दूरस्थ वनांचल को बीएसपी के रावघाट लौह अयस्क खदान द्वारा रावघाट लौह अयस्क परियोजना के तहत मुख्य महाप्रबंधक (रावघाट) अरूण कुमार तथा महाप्रबंधक अनुपम बिष्ट के प्रयासों से खड़कागांव एवं बिंजली ग्राम को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस वित्तीय सहायता के अंतर्गत सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन के लिए ग्राम बिंजली की सरपंच गमिता कुमेटी को 50 हजार रूपए तथा खड़कागांव की सरपंच जुनाय सलाम को ग्राम में जात्रा अनुष्ठान के आयोजन के लिए 50 हजार रूपए का चेक सहायक महाप्रबंधक डीएन रस्तोगी द्वारा सौंपा गया।

### हिंदी साहित्य समिति की बैठक एवं काव्य गोष्ठी

# हम शराफत में कहीं आधे कहीं तिरछे मिले हैं, होश में देखो हमें हम कितने बिखरे पड़े



**भिलाई।** दुर्ग जिला हिन्दी साहित्य समिति की बैठक रविवार को आयोजित की गई। काव्य गोष्ठी में कवियों ने समसामयिक विषयों पर कविताओं की प्रस्तुति दी। अध्यक्ष बलदाऊ राम साहू ने राजधानी में राष्ट्रीय बाल संगोष्ठी पर केंद्रित विशेष आयोजन का प्रस्ताव रखा। शायर सुशील यादव की रचना 'हम शराफत में कहीं आधे कहीं तिरछे मिले हैं, होश में देखो हमें हम कितने बिखरे पड़े हैं।' कवियों द्वारा सराही गई। बैठक में तय किया गया कि प्रति माह समिति बैठक का आयोजन करेगी और विशिष्ट साहित्यकारों के सम्मान में परिचर्चा सहित विभिन्न पर्व आधारित संगोष्ठी आयोजित करेगी। काव्य गोष्ठी में अध्यक्ष बलदाऊ राम साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर एन श्रीवास्तव, जी पी सोनी, नित्यानंद पांडे, शायर सुशील यादव, डॉ अजय आर्य, शारदा प्रसाद पांडे ने कविताओं के माध्यम से अपने विचार रखे।

#### बुजुर्गों के साथ समय बिताया जाए को सराहा

राकेश गुप्ता ने मरनासन्न कर्ण और कृष्ण संवाद के माध्यम से कर्म-फल और न्याय पर आधारित भावपूर्ण रचना' साथ अधर्म के खड़े नहीं अपराध बड़ा है, सतत पाप में भागीदारी पाप बड़ा है' की प्रस्तुत की। नित्यानंद पांडे ने भोजपुरी में स्वप्न जीवित रहें कविता प्रस्तुत की। अध्यक्ष बलदाऊ राम साहू ने अपनी रचना 'बच्चों को कुछ अच्छा सिखाया जाए बुजुर्गों के साथ समय बिताया जाए' और जिस घर में अम्मा रहती है वह घर, घर लगता है की मार्मिक प्रस्तुति दी। डॉ. अजय आर्य ने श्रृंगार रस की रचना \तेरी यादों की चादर ओढ़ कर सो रहा हूँ, तकिए से लिपटकर पैर को मोड़ कर सो रहा हूँ\सुनाई। राज नारायण श्रीवास्तव ने आध्यात्म पर आधारित कविता तथा एस पी पांडे ने अमरूद और तोते के माध्यम से सामाजिक सौहार्द्र पर रचना पढ़ी।\ काव्य गोष्ठी का संचालन सचिव राकेश गुप्ता रूसिया ने किया।

## पेज 9 के शेष

### सुशासन तिहार का क्रियान्वयन ...

अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में नवपदस्थ कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि वर्तमान में राज्य शासन की विशेष प्राथमिकता वाले एवं महत्वाकांक्षी कार्य सुशासन तिहार का जिले में सफलतापूर्वक संपादन सुनिश्चित करना हम सभी की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को सुशासन तिहार के दौरान अपने-अपने विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर उनके समुचित निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। मिश्रा ने अधिकारियों से कहा कि सभी शासकीय कार्यों एवं योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन करने के साथ सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अन्य अति आवश्यक सेवाओं का लाभ सुनिश्चित कराना उनके विशेष प्राथमिकता में शामिल है।

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला चिकित्सालय बालोद के अलावा जिले में संचालित कुल सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या एवं वहाँ पर उपलब्ध सुविधाओं एवं मानवीय संसाधनों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ सुनिश्चित कराने हेतु जरूरी उपाय करने के भी निर्देश दिए। मिश्रा ने नियमित रूप से फील्ड विजिट कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने की बात भी कही। इसके अलावा उन्होंने जिला खाद्य अधिकारी से जिले में संचालित कुल शासकीय उचित मूल्य की दुकान के अलावा जिले में खाद्यान्न के वितरण एवं भण्डारण के संबंध में भी जानकारी ली। समाज कल्याण विभाग के कार्यों की जानकारी लेते हुए उप संचालक समाज कल्याण विभाग से जिले में संचालित वृद्धाश्रम, घरौंदा आश्रय गृह, निःशक्त पुनर्वास केन्द्र आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने इन सभी संस्थानों में निवासरत लोगों को भोजन, इलाज एवं उनकी समुचित देखभाल हेतु विभाग द्वारा की गई व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। जिला खनिज अधिकारी से जिले में खनिज पदार्थों के अवैध भण्डारण, परिवहन एवं उत्खनन रोकने हेतु की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली। बैठक में मिश्रा ने नगरीय प्रशासन विभागों के कार्यों के अंतर्गत जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत किए जा रहे कार्य के अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्य के संबंध में जानकारी ली। मिश्रा ने जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी से जिले में कुपोषण की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपाय के संबंध में जानकारी ली। नवपदस्थ कलेक्टर ने महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से जिले में संचालित कुल औद्योगिक इकाईयों के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग से जिले में स्थित कुल वृहद, मध्यम, लघु जलाशयों की संख्या एवं वर्तमान में जल भराव की स्थिति के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने जिले में चलाए जा रहे जल जतन अभियान के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वे फील्ड विजिट कर जिले में जल जतन अभियान के अंतर्गत कार्यों का अवलोकन करेंगी। इसके अलावा उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित शिक्षा, आदिम जाति कल्याण आदि विभागों के अलावा कौशल विकास, प्रधानमंत्री आवास, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना आदि के कार्यों के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली।

### बारातियों में जमकर मारपीट...

शुरू हो गया। बात इतनी बढ़ी कि चाकू और ब्लेड से वार करना शुरू हो गया। बारात आई गाड़ियों के कांच तक फोड़ दिए गए। चंदखुरी के एक दूल्हे के गाड़ी में भी तोड़फोड़ की गई, हालत बिगड़ते देख दूसरे दूल्हे ने बालोद पुलिस थाने पहुंचकर अपनी जान बचाई। बलवा की स्थिति बनते देख ग्रामीणों ने पुलिस को खबर दी, एक डरा सहमा दूल्हा जब थाना पहुंचा तो पुलिस भी तत्काल अलर्ट हो गई। रात में सहायक उप निरीक्षक बिहारी राम ध्रुव, आरक्षक मोहन कोकिला, आरक्षक बनवाली साहू शांति व्यवस्था बनाने के लिए पहुंचे। उनके पहुंचने तक विवाद थम गया था। लेकिन दोनों ही दूल्हे और उनके साथ मौजूद परिजन डरे हुए थे। इसलिए पुलिस की मौजूदगी के बीच शादी कराई गई। देर रात मामला शांत हुआ। इधर घायल युवकों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सांकरा ज में उपचार के लिए पुलिस की गाड़ी से ही ले जाया गया। इस घटना में जगन्नाथपुर के युवकों का सर फटा हुआ है। इधर कोकड़ी से आए बाराती भी हालातो को देखते हुए वधु के घर जाने तैयार नहीं थे। वे बस में ही बैठे रहे और जब पुलिस पहुंची तो खाना खाए ही बाराती लेकर बस वापस चली गई। गांव में रविवार को तीन बारात आई हुई थी। इस विवाद का मूल कारण क्या था? गलती किसकी थी? शुरुआत कैसे हुई? इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाया।

### जमकर बिका अवैध शराब, नशे के ...

मौके पर स्थिति संभालने के लिए पहुंचे थे। इधर थाना प्रभारी रविशंकर पाण्डेय ने मामले में कहा कि जगन्नाथपुर में शादी कार्यक्रम में कुछ विवाद हुआ था और विवाद के चलते ही एक दूल्हा थाने में आया था। जिसके बाद हमने पुलिस बल यहां से भेजे और शादी संपन्न हुआ।

### अंचल के तालाब सूखे...

ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति और भी गंभीरः दल्लीराजहरा शहर के साथ-साथ आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र – जैसे चिखलाकसा , साल्हे सिघनवाही ,कोकान, चिखली, बोरगांव,आदि गांवों में हालात और भी भयावह हैं। यहां के तालाब पूरी तरह सूख चुके हैं और हैंडपंप से भी पानी आना बंद हो गया है। लोग नदी-नालों की तरफ रुख कर रहे हैं, लेकिन वहां भी जलस्तर लगातार गिर रहा है।

## खबर संक्षेप



### मई से 1000 रुपए चार्ज एवं 15 प्रतिशत पेनाल्टी

**दुर्ग।** 2024-25 का संपत्ति कर करदाता ऑनलाइन या टैक्स काउंटर निगम कार्यालय में जाकर टैक्स जमा कर सकते हैं। अंतिम 10 दिन शेष है। 1 मई से 1000 पैनल चार्ज एवं 15 प्रतिशत पेनाल्टी लगेगा। आयुक्त ने कहा कि अवकाश पर भी टैक्स काउंटर खुले रहेंगे। नगर निगम के संपत्ति कर विभाग ने बकायेदारों से वसूली के लिए सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। बड़े बकायेदारों पर सख्त कार्रवाई हो सकती है। राजस्व अधिकारी राजकमल बोरकर एवं सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर बताया कि कर न भरने वाले सभी बकायेदारों को चिह्नित किया जा चुका है और उन्हें टेलीफोन एवं सहायक राजस्व निरीक्षकों के माध्यम से सूचित किया जा रहा है। समय पर बड़े संपत्ति कर का भुगतान नहीं करते, तो नगर निगम नियमानुसार सख्त कार्रवाई करेगा। इसमें जुर्माने की राशि के साथ ब्याज, निगम की ओर से नोटिस और संपत्ति जब्ती की कार्रवाई के अलावा कानूनी कार्रवाई की संभावना भी शामिल हैं।

### मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप 3 मई से

**दुर्ग।** जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल के सहयोग से 3 एवं 4 मई को कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल धमधा रोड में दो दिवसीय जिला स्तरीय मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया गया है। जिसमें अंडर 7, 9, 11 एवं अंडर 13 के शतरंज खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि उक्त चैंपियनशिप अंतराष्ट्रीय नियम के अनुसार खेली जाएगी। उक्त चैंपियनशिप के अंडर 7, 9, 11 एवं अंडर 13 के दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन राज्य चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा जो 15 से 19 मई तक एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में आयोजित है। उक्त चैंपियनशिप के सभी आयु समूह वर्गों के बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं तीसरे एवं चौथे स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मोमेंटो प्रदान किया जाएगा। जिला शतरंज संघ के उपाध्यक्ष दिनेश जैन, ललित वर्मा, एस के भगत, दिनेश नलोडे, मोरध्वज चंद्राकर, अजय राय अन्य सहयोग कर रहे हैं।

आयोजन : समाज के नाम पर राजनीति करना अनुचित कार्य : पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू

# कर्मा जयंती पर कलश यात्रा निकाली एवं जनप्रतिनिधियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

तहसील स्तरीय विशाल कर्मा महोत्सव नवनिर्मित भवन की पूजा एवं नवनिर्वाचित सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह बड़े धूमधाम से ग्राम कोनारी में मनाया गया। भक्त माता कर्मा की 1009 वी. जयंती के पावन अवसर पर तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, परिक्षेत्रीय साहू संघ कुथरेल एवं स्थानीय साहू समाज कोनारी के संयुक्त तत्वाधान में भव्य तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव, नवनिर्मित भवन का पूजा (सत्यनारायण कथा) एवं नवनिर्वाचित सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान का किया गया। कार्यक्रम शुरुआत समाज की महिलाओं द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई साथ ही समाज के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कु. सोनम साहू भोथली द्वारा पंडवानी की प्रस्तुति दी गई। आयोजन में मुख्यअतिथि प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हुए।

- बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सोनम साहू ने पंडवानी की प्रस्तुति दी

पूर्व गृहमंत्री ग्राम कोनारी पहुंचकर सर्वप्रथम भक्त माता कर्मा के प्रतिमा का पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिए और प्रदेश के सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। सभी अतिथियों ने माँ कर्मा के जीवन चित्रण पर प्रकाश डाला। स्वागत भाषण अध्यक्ष तहसील साहू संघ पुसऊ राम साहू ने कहा की 22 सालों बाद आज हमारा खुद का तहसील भवन निर्माण हुआ है में जो पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू के द्वारा किया गया है और आगे भी उनका मार्गदर्शन मिल रहा है।



### अनेक दिग्गज शामिल हुए

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ एवं पूर्व गृह मंत्री छ.ग. शासन ताम्रध्वज साहू अध्यक्षता अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग नंद लाल साहू, अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री छ.ग. शासन रमशीला साहू,पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन जागेश्वर साहू,पूर्व विधायक गुण्डरदेही डॉ. दयाराम साहू,पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड छ.ग. शासन दीपक ताराचंद साहू,कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छ.ग. खिलावन सिंह साहू,कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छ.ग छ.ग. राजेश साहू,, उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग दिव्या कलिहारी,नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य दुर्ग कु. प्रिया साहू,नवनिर्वाचित अध्यक्ष नगर पंचायत उतई सरस्वती नरेन्द्र साहू, नवनिर्वाचित जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्ग राकेश हिरवानी,अध्यक्ष तह. साहू संघ पाटन दिनेश साहू,अध्यक्ष तह. साहू संघ दुर्ग शहर पोषण साहू,, अध्यक्ष तह. साहू संघ धमधा श्यामलाल साहू,, सरपंच पंचायत ग्राम कोनारी गुंजेश्वरी पारख साहू सहित तहसील,परिक्षेत्र, ग्रामीण एवं समाज के वरिष्ठ गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन द्रोपती साहू ने किया उक्त जानकरी तहसील साहू संघ के मिडिया प्रभारी राजेन्द्र साहू ने दी।

### समाज के नाम पर राजनीति अनुचित

इस अवसर पर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि समाज को समाज ही रहने दो, समाज में राजनीति हावी नहीं होनी चाहिए। आगे कहा की शिक्षित समाज का ज्यादा विकास होता है लेकिन आज शिक्षित समाज में कई बुराई समाने आ रही है। श्री साहू ने आगे कहा की समाज में राजनीति हावी होने पर सामाजिक ताना बाना चरमरा जाएगा साथ ही साहू ने कहा कि सामाजिक संगठन का निर्माण सिर्फ समाज में रोटी बेटी के फैसला तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। समाज के संगठन तब मजबूत और अच्छा माना जाएगा जब समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास हो और समाज में व्याप्त कुर्तियां, अशिक्षा, बुराई, नशापान दूर हो, समाज के संगठन को इस बात की भी चिंता करनी चाहिए कि समाज में कोई भी बच्चा लड़की हो या लड़का शिक्षा से वंचित नहीं होना चाहिए जिस समाज में लोग ज्यादा शिक्षित हैं वह ज्यादा संगठित हैं और उस समाज का उतना ही ज्यादा विकास होगा। विवाह संस्कार में फिजुल खर्ची को रोकने के लिए आदर्श विवाह एक बेहतर माध्यम है। आज कल शादी में प्री वेडिंग और इवेंट किया जा रहा जिसे बंद होना चाहिए। वर्तमान समय में शादी ब्याह में आडंबर एवं दिखावा पर अंकुश लगना चाहिए। यदि समाज को तरक्की के रास्ते पर ले जाना है तो आने वाली पीढ़ी को बेहतर शिक्षा दें, उन्हें अच्छे संस्कार प्रदान करें।

# आवास योजना के तहत किया गया सर्वेक्षण



**गुण्डरदेही।** प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास 2.0 के तहत ग्राम अर्जुनी में हितग्राही हेमिन बाई व मूलदास साहू का आवास हेतु घर का निरीक्षण किया। इस दौरान निरीक्षण मे जनपद सदस्य गुलशन कुमार साहू, महामंत्री थानसिंह मंडावी, रोजगार सचिव तुलसी सिन्हा, ग्राम पंचायत के कंप्यूटर ऑपरेटर अमित साहू उपस्थित थे।

# पीएम आवास के लिए सर्वे जारी, ग्रामीण लाभ उठाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडी

ब्लॉक के ग्राम पंचायत चिहरों में जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी ने सरपंच,पंच व ग्रामीणों को आवास सर्वे सहित शासन के विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए उसका लाभ उठाने की अपील की ,शासन की जनकल्याण कारी योजनाओं का कोई भी हितग्राही लाभों से वंचित न हो इस प्रकार से सभी को अवगत कराया गया! एवं पंचायत क्षेत्र के जितने भी आवास गृह स्वीकृत हो चुकी है उनको जल्द से जल्द बनाने का बनाने की बात कही ,इस अवसर पर ग्राम पंचायत भवन में जनपद सदस्य श्री तुलेश्वर हिचामी सरपंच श्रीमति कमिथला गावड़े उपसरपंच धर्मेंद मांडवी पंच गणेश्वर गावड़े उमेश कोमरा मीठालाल कोसमा सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे!

# पेंशनधारी कल्याण संघ के मनहर प्रातांध्यक्ष निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ प्रांतीय कार्यालय अकलतरा जिला जांजगीर चांपा में प्रांतीय अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमे नए प्रांताध्यक्ष डॉक्टर डीपी मनहर बनाए गए। संगठन के प्रेरणा स्रोत संस्थापक सदस्य एवं पूर्व प्रांताध्यक्ष स्वर्गीय जगत सिंह बैंस द्वारा स्थापित परंपराओं का निर्वहन करते हुए 3 वर्षों का कार्यकाल पूर्ण होने पर प्रांताध्यक्ष चुनाव संपन्न हुआ।

निर्वाचन कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बीजापुर डीएस राम ने की। निर्वाचन अधिकारी जिलाअध्यक्ष अंबिकापुर जवाहर गुप्ता एवं जिला अध्यक्ष धमतरी कृपा शंकर मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुई। निर्वाचन में अपनी सहभागिता प्रदान करने के लिए बालोद जिले के जिला अध्यक्ष डॉक्टर आरएम चावड़ा के नेतृत्व मे पीएल देशमुख, आईएन योगी, बीआर साहू, बीआर बेलसर, आरके साहू, बलदेव सिंह ठाकुर ने अपनी सहभागिता प्रदान की। निर्वाचन के प्रसाद डॉक्टर आरएम चावड़ा ने नए प्रांताध्यक्ष डॉक्टर डीपी मनहर को आश्वस्त किया कि आप पेंशनरों के लिए संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं। मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 /6 को विलोपित करने एवं केंद्र के समान महंगाई भत्ता प्राप्त करने के लिए संगठन को मजबूत होकर संघर्ष करना पड़ेगा। पेंशनरों का आह्वान करते हुए नए प्रांताध्यक्ष डॉक्टर डीपी मनहर ने कहा कि संघर्ष सतत जारी रहेगी।

# कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन पादुका पूजन और लीलामृत ग्रंथ का वाचन किया गया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

श्री कथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस की शुभारंभ जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज श्री के सिद्ध चरण पादुकाओं का पूजन एवं श्री लीलामृत ग्रंथ का यजमान पुरोहितों तथा भक्तों द्वारा विधिवत शास्त्रीय पद्धति द्वारा पूजन माल्यार्पण कर किया गया। श्री कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ प्रातः 10 बजे हुआ। श्री कथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस पर कथा व्यास से जगद्गुरु मानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज के कृपा पात्र शिष्य कृष्णदास महाराज द्वारा श्री लीलामृत ग्रंथ से प्रवचन द्वितीय दिवस में नामदान के महत्व को उपदेशित किया की नाम हमें आत्मा के उद्धार के लिए लेना है, इस संसार की नश्वर प्राप्तियों के लिए नहीं। नाम लेने का मूल उद्देश्य आवागमन के बन्धन तोड कर परमात्मा से बिछुड़ी आत्मा को परम आनंद के उस महासागर में समया जाना है नाम लेने का निश्चय सही नहीं है कि इस से विशेष इच्छा पूरी हो जाएगी या कोई करामात हो जाएगी। सरदार बहादुर महाराज जी के शब्दों में चन्दन के बहुमूल्य वृक्षों के कोयले बना कर बेचने के समान हैं। नाम संचित करमों का नाश करके आत्मा को निर्मल करता है और नाम ही इसे परमात्मा से मिलाता है। सदगुरू भगवान खुद इस संसार से मुक्त होते हैं उनके पास यह अनमोल नाम दान की मिलती है उनसे यह नामदान की अनमोल दौलत लेकर हम भी भवसागर से पार हो सकते हैं इसलिए नाम दान की जरूरत होती है। नामदान एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक प्रक्रिया है जो व्यक्ति को आध्यात्मिक मार्गदर्शन, आत्मा की मुक्ति, आंतरिक शांति, परमात्मा से संबंध, संसार से मुक्ति और पुण्य की प्राप्ति में मदद करती है।

यह गुरु मार्ग महान संयम, सुदृढ़ अनुशासन, अभूतपूर्व लगन और निष्ठाका मार्ग है, और इन गुणों को धारण करने वाले व्यक्ति को ही इस ओर अग्रसर होना चाहिए और जीवन में नामदान लेना ही चाहिए। श्री कथा में जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज द्वारा रचित श्री लीलामृत ग्रंथ जो 18 पुराण, 6 शास्त्र का सार है जिसका सारगर्भित प्रवचन का लाभ सभी भक्तों ने लिया। श्री कथा ज्ञान यज्ञ में अतिथि रूप में जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गा आनंद साहू, सरपंच बोहरडीह राजेंद्र साहू, पूर्व जनपद सदस्य भोजाराम देवांगन, जनपद सदस्य संध्या अजेनेंद्र, पीठ प्रमुख घनश्याम माहेश्वरी, उप पीठ प्रमुख मुन्ना लाल मोटघरे, पीठ व्यवस्थापक सुधीर पवार, छग़ उपपीठ प्रवचन कार्य प्रमुख सुषमा साहू, जिला कर्नल कमलेश साहू, बालोद जिला निरीक्षक मेघराज निबद्धे, बालोद जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर साहू, जिलाध्यक्ष स्व–स्वरूप संप्रदाय बालोद एवं बालोद, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव आदि जिले के भक्त एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### 18 पुराण और 6 शास्त्रों का दिव्य सार

श्री कथा ज्ञान यज्ञ समर्पण भाव से सुनने मात्र से ही लोक परलोक दोनों सुधर जाते हैं। श्री कथा में हमारे सनातन हिन्दू धर्म के 18 पुराणों 6 शास्त्र का दिव्य सारगर्भित रस में समाहित होने के वजह से इसे हम भगवतम भी कहते है। जहां अन्य युगों में मोक्ष की प्राप्ति करने के लिए कड़ी मेहनत और परिश्रम करनी पड़ती थी वहीं कलयुग में श्री कथा सुनने मात्र से मुक्ति मिल जाती है। मनुष्य के भीतर का सोया हुआ ज्ञान और वैराग्य जागृत जाते है। श्री कथा उस कल्पवृक्ष के समान हैं जो हमारी इच्छाओं की पूर्ति कर देता है। स्वस्थ शरीर को बनाए रखने के लिए हम संतुलित आहार लेते हैं। इसी तरह, हम जो कुछ भी देखते हैं, सुनते हैं या मानसिक रूप से ग्रहण करते हैं, वह हमारे दिमाग के लिए आहार बन जाता है। अगर हम अच्छी चीजें ग्रहण करते हैं, तो यह हमारे बुद्धि के लिए अच्छा होता है। लेकिन अगर हम नकारात्मक चीजें ग्रहण करते हैं जो हमारे जीवन के अहित में हो, तो यह हमारे बुद्धि में अराजकता, पैदा करता है और हम अंततः दुख दरिद्रता को उपलब्ध होते है। इसलिए हमारे पास यह सात्विक विकल्प है कि हम सभी अपने मन को क्या खिला सकते हैं। यह अच्छा होगा यदि हम अपने मन और बुद्धि को हमारे वैदिक पुराणों और शास्त्रें की विचारधारा, जान और उनमें समाहित दिव्य लीलाओं से पोषित कर सकें। प्रवचन पश्चात संध्या रासलीला हुए जिसमें नृत्य, भजन एवं अभिनय तीनो कलाओं के समावेश थे जिसका लाभ सभी भक्तों ने हर्षोल्लास से लिया। रासलीला पश्चात संध्यारती हुई जिसके बाद प्रथम दिवस के कथा को विश्राम देकर प्रसादी भंडारा आयोजन किया गया जिसका लाभ हजारों के संख्या में भक्तों ने लिया।

# संजयनगर बालक विद्यालय के स्थानीय परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

संजयनगर स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थानीय परीक्षा कक्षा 9वीं व 11वीं का परीक्षा परिणाम 21 अप्रैल को घोषित किया गया। अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम माँ सरस्वती के शैलचित्र के समक्ष पूजन - अर्चन से प्रारंभ हुआ।

स्वागत भाषण के साथ प्रभारी प्राचार्य लूणकरण ठाकुर के द्वारा विद्यालय के सत्र 2024-25 के शाला के गतिविधियों के विषय में जानकारी देते हुए कुल दर्ज 631 विद्यार्थी स्थानीय परीक्षा में सम्मिलित हुए।सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई प्रेषित करते हुए असफल विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत कर सफलता प्राप्त करने बात कही गई।विद्यालय के शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, स्काउट गाइड, रेडक्रॉस आदि विधाओं में अपने छाप छोड़ने वाले बच्चों की जानकारी प्रदान किया गया।तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों के द्वारा बच्चों को आशीर्वचन प्रदान करने हेतु मुख्य अतिथि लाल निवेंद्रसिंह टेकाम अध्यक्ष नगर पंचायत डौंडीलोहारा, विशिष्ट अतिथि नेहा उपाध्याय उपाध्यक्ष नगर पंचायत डौंडीलोहारा, शेख फरीद सिद्दीकी विधायक प्रतिनिधि शाला विकास समिति उपस्थित थे।

विद्यालय के स्थानीय परीक्षा परिणाम की जानकारी प्रदान करते हुए स्थानीय परीक्षा प्रभारी अविनाश कुमार साहू ने बतलाया कि कक्षा 9 वीं अ में 38 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जिसमें 13 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 19 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी, 6 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी व 11 विद्यार्थी को पूरक की पात्रता प्राप्त हुआ परीक्षा परिणाम 40.86% रहा जिसमें खुशबू वैष्णव 82.5%, मुकेश कुमार मानकर 81.16%, पायल 76.16% के साथ क्रमशः प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये।कक्षा 9 वीं ब में 33 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जिसमें 15 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 18 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी व 19 विद्यार्थी को पूरक की पात्रता प्राप्त हुआ परीक्षा परिणाम 35.48% रहा जिसमें मौसमी 79.5%, दीपिका 77.33%, ओमिका 71.83% के साथ क्रमशः प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये।कक्षा 11 वीं अ में 50 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जिसमें 16 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 34 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी व 10 विद्यार्थी को पूरक की पात्रता प्राप्त हुआ परीक्षा परिणाम 76.92% रहा जिसमें टिलेश्वरी 79.2%, टिकेश्वरी 76.6%, चाँदनी 75.4% के साथ क्रमशः प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये।कक्षा 11 वीं ब में 69 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जिसमें 36 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 33 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी व 1 विद्यार्थी को पूरक की पात्रता प्राप्त हुआ परीक्षा परिणाम 98.57% रहा जिसमें गीतांजलि 87%, भावना 81.8%, देविका पटेल 81.6% के साथ क्रमशः प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये।कक्षा 11वीं स में 22 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जिसमें 08 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 09 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी व 06 विद्यार्थी को पूरक की पात्रता प्राप्त हुआ परीक्षा परिणाम 75.86% रहा जिसमें अंकित श्रीवास्तव 80.4%, चिरंजीव 77.8%, नीरज कुमार 73.4% के साथ क्रमशः प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये। आशीर्वचन प्रदान करते हुए सिद्दीकी जी ने कहा कि परिणाम से निराश ना होकर सभी अच्छे से मेहनत करे और 10वीं व 12वीं के प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाकर स्कूल के साथ - साथ हमारे नगर का नाम रोशन करें। विशिष्ट अतिथि नेहा उपाध्याय ने कहा कि शिक्षा आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है कोई विषय कठिन नहीं होता केवल मेहनत व शिक्षक के साथ आपसी सामंजस्य के साथ आप सफलता प्राप्त कर सकते है। मुख्य अतिथि लाल निवेंद्रसिंह टेकाम ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि 9वीं की पढ़ाई से ही आप सभी के भविष्य का निर्धारण होता है, हम सभी को पढ़ाई को बड़ी अनुशासन से करते हुए, अपने शिक्षकों के बातों को मानना चाहिए, सभी को आगे चलकर कुछ न कुछ पद अवश्य प्राप्त करते है जिससे आप सभी के शिक्षक, विद्यालय और नगर का नाम रोशन होता है आप सभी के उज्जवल भविष्य की शुभकामना प्रेषित करते है। कक्षा 9वीं व 11वीं में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये बच्चों को विद्यालय के साथ - साथ मुख्य अतिथि लाल निवेंद्रसिंह टेकाम के द्वारा भी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में व्याख्याता प्रदीप कुमार मेश्राम, रामसहाय देशमुख, रीना मंडल, रवीन्द्रनाथ योगी,डुप्ले साहू,एनुका शार्वा,तेजेश्वरी साहू, लवण कुमार साहू , भूपेंद्र पटेल,सौरभ शर्मा, सूर्योदय मानिकपुरी, डामन देशमुख,गिरीश साहू उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता दुकालूराम साहू व आभार ज्ञापन संगीता वैदे ने किया।

### आत्मानंद स्कूल निकुम के परीक्षफल घोषित



**बालोद/निकुम।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मिडियम स्कूल निकुम में वार्शिक परीक्षा परिणाम घोशित किया गया। जिसमें गांव के बच्चो के सपनो को एक नई पहचान व उड़ान मिल रही है, वही परीक्षा में बेटियो ने फिर बाजी मारी, जिसमें कक्षा 6 वी में धैय बेलचंदन प्रथम रहे, वही देविका साहू द्वितीय रही। कक्षा 7 वी में अर्पिता साहू ने 96.66 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम रही है, वही द्वितीय स्थान वेदिका गजपाल, कक्षा 9 वी में नम्रता साहू प्रथम व वैशाली चौहान द्वितीय व कक्षा 11 वी में जतीन कुमार भारती व द्वितीय हर्शित चन्द्रकार रहे। वही इस अवसर पर सेजस निकुम प्राचार्य एके पांडे ने बच्चो से कहा कि परीक्षा में सफलता के लिए कड़ी मेहनत व लगन आवष्यक है, परीक्षा में तैयारी, अभ्यास करना, अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना, रोज समयपर स्कूल व होमवर्क करने की बात बच्चो से कही। इस अवसर पर व्याख्यता व प्रभारी जीएल बंजारे, परीक्षा प्रभारी नेहा पिल्ले व शिक्षक डॉ दिव्या पवार, साक्षी साहनी, खुशबु मिश्रा, दीपक खतरी, रिया भोयार, मंजूलता देवागन, मनदीप कौर सहित सभी स्टाप ने टापर्स बच्चो को बधाई देकर मुह मीठा कराया।

# ग्राम लिमोरा में भागवत ज्ञान यज्ञ 27 तक जारी





**लाटाबोड़।** ग्राम लिमोरा मे नव दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ 19 अप्रैल से27 अप्रैल तक होगा। समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा नवदिवसीय भागवत महायज्ञ आयोजन के शुभारंभ में स्टील थाली एवं गिलास प्रदान किया गया सामाजिक कार्यों में सिंगल प्लास्टिक, दोना पत्तल, डिस्पोजल ,का उपयोग नहो जिससे बालोद जिला में एक नई पहल की शुरुआत की गई है जिसमें कई समाज आगे आकर बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे और पर्यावरण के क्षेत्र में एक कार्यक्रम की नई शुरुआत देखने सुनने को मिल रहा है पर्यावरण प्रदूषण को बचाए रखना स्वच्छ वातावरण बनाए रखना आदर्श गांव बनाने के लिए बालोद जिला के ग्राम लिमोरा में थाली गिलास प्रदान किया गया इस कार्यक्रम में ममता चंद्राकर निजानंद चंद्राकर मदन लाल चंद्राकार मीणा चंद्राकर शत्रुघ्न साहू नेतराम सेन धनेश साहू गणेश साहू उषा चंद्राकर मालती चंद्राकर विनोद चंद्राकर चिंताराम चंद्राकर मंगल साहू एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा के प्रतिनिधि अमृतानंद सिन्हा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुंडादेही पिछड़ा वर्ग एवं पप्पू सिन्हा उपस्थित रहे ।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### श्रद्धा से मनाई आंबेडकर जयंती

**छुईखदान।** ब्लाक स्तरीय अंबेडकर जयंती कार्यक्रम का आयोजन झुरानदी में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि वक्ता मनोज साहू ने बाबा साहेब के संघर्ष, संविधान से मिले अधिकारों के बारे मे बताया। कार्यक्रम के आरंभ में बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस मौके पर डां अंबेडकर के संविधान निर्माण में योगदान, सामाजिक बदलाव के प्रयास आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर संतोष कामडे, केदार मेश्राम, रविशंकर बंसोड, राज मेश्राम, सुनील मेश्राम, इशू रामटेके, दिनेश वैष्णव, विनोद रजक, कमल उके, देवव्रत, पप्पू, परेटन मेश्राम, पीयूष मेश्राम, मेघराज चौरे, अरुण उके आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### हिन्दुओं पर हमले का विरोध

**छुरिया।** वक्फ कानून के विरोध की आड़ में पश्चिम बंगाल के फैली हिंसा और हिन्दुओं को प्रताड़ित करने की घटना के विरोध में विहिप और बंजरग दल ने नगर में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। सभी ने एक स्वर में बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। विहिप एवं बंजरग दल के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी का पुतला दहन पुराना बस स्टैंड में किया। थाना प्रभारी संतोष भुआर्य को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान हुकुम साहू, कमलेश पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, शेखर भारद्वाज, गिरधारी साहू, धर्मेन्द्र साहू, मोहित वैष्णव, मेकरलाल साहू, इन्द्रकुमार साहू, पलटू साहू सहित अन्य शामिल हुए।

### बैंक की कार्यप्रणाली को जाना छात्रों ने

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में सोमवार को प्राचार्य डां अंजना ठाकुर के निर्देशन में अंतर्विभागीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। बीए सेकंड सेमेस्टर में आयोजित व्याख्यान का कला संकाय विभागाध्यक्ष चांदनी पराते ने शुभारंभ किया। इस मौके पर वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ काव्या जैन ने विद्यार्थियों को बैंक, उसके कार्य, प्रकार, निवेश के तरीके, मुद्रा ट्रांजेक्शन, चेक, चेक के प्रकार आदि से अवगत कराया।

### फारेंसिक टीम पहुंची मौके पर नाकाबपोश का खुलासा जल्द

**सड़क अतरिया।** तीन दिन पहले नाकाबपोश चोरों ने मकान मालिक को बंधक बना कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। गंड़ई पुलिस लगातार पतासाजी में जुटी है। चोर तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी फुटेज एवं डांग स्क्वाड की मदद लेने के बाद सोमवार को फारेंसिक टीम ने मौका मुआयना किया। कुछ चीजें जांच के लिए अपने साथ ले गई है। बताया जा रहा है जल्द ही पुलिस नाकाबपोश चोरों का पर्दाफाश कर सकती है। घटना के बाद से फारेंसिक जांच के लिए मकान को बंद कर रखा गया था। सोमवार को फारेंसिक जांच के बाद घर वालों को मकान में प्रवेश करने की अनुमति दिया गया। घर एवं पड़ोसियों का बयान लेकर तहकीकात का दायरा बढ़ा दिया गया है। साल भर में चोर गांव के लगभग दर्जन भर घरों को अपना निशाना बना चुके हैं।

### स्वास्थ्य परीक्षण के बाद दवा वितरण

**टाटेकसा।** एसबीआई फाउंडेशन एवं शिखर युवा मंच द्वारा संचालित एमएमयू टीम राजनांदगांव ने मकरनपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में नौ गांवों के 282 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं 25 का पैथोलॉजी परीक्षण किया गया। जांच के बाद निः शुल्क दवाई वितरण किया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## नतीजा : मेधावी विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

# स्थानीय परीक्षा 9वीं व 11वीं के परिणाम घोषित

### सशिमं खर्रा के परीक्षाफल घोषित, मेधावी पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। प्रधानाचार्य फलदेव साहू ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया – बहनों को पुरस्कार प्रदान किया। वरिष्ठ आचार्य सूखित राम कलीहारी ने भैया– बहनों को संबोधित कर उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना किया।

कक्षा अरुण में अर्पित साहू, चुयांश साहू, श्रेयांश पड़ोटी 99 प्रतिशत प्रथम रहे,याशिका साहू, होयांश पटेल 98 प्रतिशत के साथ द्वितीय रहे। उदय में दिव्यांशी मांडवी, काव्या साहू 99 प्रतिशत के साथ प्रथम रहे, गायांश साहू, निलेश साहू 98 प्रतिशत के साथ द्वितीय रहे। कक्षा प्रथम में झंकृति पड़ोटी 97 प्रतिशत के साथ प्रथम रही। कनिका साहू 94 प्रतिशत के साथ द्वितीय रही। कक्षा द्वितीय में सोनम सलाम 98 प्रतिशत के साथ प्रथम रही, प्रज्ञा साहू, प्रीति द्वितीय रहे, कक्षा तृतीय प्रथम नव्या साहू 97 प्रतिशत, रही, द्वितीय ईशांत साहू 95 प्रतिशत रहे। कक्षा चतुर्थ में हिमांशी साहू, भूपेंद्र साहू, भूमिका पटेल 98 प्रतिशत के साथ प्रथम रहे, साधना सेन 96 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर रही। कक्षा षष्ठ में हिमांशी ठाकुर 96 प्रतिशत के साथ प्रथम रही, वरुण साहू 93 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय में कार्यरत दीदी टुमेश्वरी पटेल को विद्यालय परिवार द्वारा प्रतीक चिन्ह श्रीफल एवं पेन भेठकर विदाई सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आचार्य कामता प्रसाद साहू, मनोहर साहू, चितेशवरी साहू, लिलेशवरी साहू, छबीलता पटेल, रंजना सिंह साथ में भैया बहन एवं पालक उपस्थित थे।







### ग्राम बेलमंडा विद्यालय के स्थानीय परिणाम घोषित

**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलमांड मे नवमी और ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा नवमी में सेवंत कुमार पिता तुला राम 91.17 प्रतिशत के साथ प्रथम, दीपिका पिता शिवप्रसाद 87 प्रतिशत के साथ द्वितीय, भूनेत्री पिता जोहरसिंग 79.83 प्रतिशत के साथ तृतीय रही। कक्षा ग्यारहवीं में दीक्षा साहू पिता हरिशंकर साहू 88.8 प्रतिशत के साथ प्रथम, हिमानी पिता गणेश राम 78 प्रतिशत के साथ द्वितीय, कंचन पिता महादेव 72.2 प्रतिशत के साथ तृतीय रही। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सत्या गांवरे, विधायक प्रतिनिधि बाल्मीकि साहू, ग्राम सरपंच चमेली बाई, उप सरपंच गंगाधर गांवरे, समिति के अन्य सदस्य गण, शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए। प्राचार्य एन.के.मंडावी ने छात्रें को अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी और शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया। परीक्षा प्रभारी श्री ए.के. सुकतेल ने परिणामों की घोषणा की।

### मोहरा विद्यालय में 9वीं और 11वीं के परीक्षाफल घोषित

**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा में कक्षा 9वी एवं 11वीं का परिणाम घोषित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति एवं सदस्य जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर थे। अध्यक्षता प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा जीआर साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत मोहारा बोधराय हिरवानी, अध्यक्ष सेवा सरकारी समिति मोहारा शाला प्रबंधन समिति के सदस्य केशव राम धनकर, परमेश्वर हिरवानी, हेमलाल सिन्हा, डोमेन्द हिरवानी, परमेश्वर साहू, बसंती साहू, पूर्णिमा रायपुरी के अतिथि में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि डॉ गंजीर ने सभी सफल छात्र–छात्रओं को भविष्य में और अधिक मेहनत करने और जो असफल हुए उनको निराश होने की आवश्यकता नहीं है और पढ़ाई को लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें ताकि हम अपने स्कूल का अपने मां–बाप का अपने गुरुजनों का नाम रोशन कर सके सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन देते हुए परीक्षा फल की प्रशंसा की। प्राचार्य ने अच्छे परिणाम के लिए सभी छात्र–छात्रओं को बधाई दी एवं परिणामों को शिक्षक शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया। जिसमे कक्षा नवीं में गीतिका पिता पुनेश्वर 92.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विनीता पिता मोहपत राम धनकर 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दुसरा स्थान प्राप्त किया है। कृषिका पिता गौतम





यादव 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा ग्यारहवीं में निधि गणित संकाय पिता दिनेश्वर कुमार सिन्हा 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, नमिता गणित संकाय पिता दयानंद 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दुसरा स्थान प्राप्त किया, तृषा कला संकाय पिता किशन 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन सभी बच्चियों को अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर अखिलेश बघेल, व्ही साहू, खिलेश कुमार यादव एवं 11वीं के छात्र–छात्रएं उपस्थित थे।

### नवमी में महिमा और 11वीं बबीता प्रथम

**बालोद/सिकोसा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुटेरी के कक्षा नवमी एवं 11वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 19 अप्रैल को घोषित हुआ। नवमी और ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। कक्षा नवमी में महिमा लक्ष्मी पिता कन्हैयालाल 92.8 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त की। वीणा पिता गिरवर लाल 91.5 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा कुलदीप पिता पाल सिंह 90.5 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे तथा कक्षा ग्यारहवीं में बबिता पिता सुरेश कुमार 95.8 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त की। रूपेश कुमार पिता अवध राम 86.6 प्रतिशत के साथ कक्षा में द्वितीय स्थान



तथा दीप्ति पिता निरंजन 85.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर शाला के प्रभारी प्राचार्य श्वेता पांडेय ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रें को बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर शाला विकास समिति के सदस्य उत्तम ठाकुर, केशव ठाकुर, पद्ममन तारम एवं अन्य गणमान्य सदस्य तथा समस्त व्याख्याता जेआर.साहू, विनीता मिश्रा, पुष्प लता साहू, ज्योति महनदिया, शिल्पी डे, रोशनी नेताम, आरके वैद्य, यूके देशमुख, एचएल. ठाकुर एवं सभी छात्र–छात्रएं उपस्थित थे।

### सेजस विद्यालय दुधली मे परीक्षाफल 9वी का 51.44 और 11वीं का 70 प्रतिशत रहा

**डौंडीलोहारा।** सेजस विद्यालय दुधली का सत्र 2024-25 का हाईस्कूल 9वी तथा हायर सेकेंड्री 11वी का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें 11वी से प्रथम मोनिका देशमुख 96.66%, द्वितीय पूजा 92.6%,तृतीय तन्नू 91.4%, इसी प्रकार 11 वी का परीक्षा परिणाम 69.69% रहा। संकायवार 11वी कला में प्रथम डिगेश्वरी बारले 89.2%, द्वितीय किरण 87.5% तृतीय चंचल 79.4% विज्ञान संकाय में प्रथम मोनिका 96%, द्वितीय पूजा 92.6%, तृतीय तन्नू 91.4%, वाणिज्य संकाय में प्रथम गुरुनारायण देवांगन 81.4%, द्वितीय उन्नति देवांगन 81.2%, तृतीय मानसी 68.8%रहे। हायर सेकेंड्री में तीनो संकाय मिलाकर परिणाम 69.69% रहा। 9वी से प्रथम भिवेश गावरे 89.33% , द्वितीय खुशी साहू 86.66% , तृतीय केशिका पटेल 85.5% संस्था के प्राचार्य दुर्गेश नंदिनी यादव ने कहा कि कोई भी छात्र पूरक या अनुतीर्ण होने पर निराश न हो पुनः अच्छे मेहनत कर पास हो । शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देव देवांगन ने कहा कि छात्रों को हर परिस्थिति में सदैव तैयार रहना चाहिए, असफल होने पर पूरी लगन से कड़ी मेहनत कर लक्ष्य प्राप्त करने कहा । कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों तथा सभी उत्तीर्ण छात्रों को सफलता प्राप्त करने पर बधाई दिए। कार्यक्रम का संचालन परीक्षा प्रभारी मिलन सिंह सिन्हा ने किया। प्रबंधन समिति से मो इशाक खान, सोमनाथ निर्मलकर, भूपेंद्र धनकर,फत्ते लाल,प्रीतम साहू, दुधली सरपंच पीलेश्वरी नेताम तथा संस्था के समस्त स्टाफ ने सभी छात्रों को बधाई दिए। आभार आर एन राणा ने किया ।



### भेड़िया स्कूल की स्थानीय परीक्षाओं के नतीजे घोषित





**लाटाबोड़।** शनिवर 7 अप्रैल को बालोद ब्लॉक अंतर्गत शा. उ. मा. विद्यालय भेड़िया नवागांव अंतर्गत नवमी व ग्यारहवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम परीक्षा प्रभारी जे. आर. हिरवानी ने परीक्षा परिणाम घोषित किया जिसमें कक्षा नवमीं में कुल सम्मिलित विद्यार्थी 52 में से 43 उत्तीर्ण, 5 पूरु तथा 4 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए इसी तरह कक्षा नवमीं का परीक्षाफल 82.69% रहा जिसमें कु. वेदिका 93.33%- के साथ प्रथम, 87.83% के साथ द्वितीय कु. फालगुणी तथा कु. हर्षिता नागे 86.83% के साथ तृतीय स्थान पर रही इसी प्रकार कक्षा ग्यारहवी का परीक्षाफल 89% रहा जिसमें प्रथम स्थान पर कु. बबीता 82.6 (कला संकाय), द्वितीय स्थान पर खेवेन्द्र 78.6% कला संकाय) तृतीय कु० भूमिका 75.4% तथा कुमारी डिपाली (75.4% (गणित) तृतीय स्थान पर रहे परीक्षा मे सम्मिलित विद्यार्थी 45 में से 40 उत्तीर्ण, 5 पात्र रहे इस अवसर पर प्रायार्य एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बड़गांव स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यालय के आदेशनुसार कक्षा 9वी और 11 वी मुख्य परीक्षा का आयोजन उपरांत परिणाम घोषित किया गया । शाला परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। 09 वीं कक्षा का परिणाम 52.63 % एवं 11वी का परीक्षा परिणाम संकाय वाइस है ।

09 वी में कुल दर्ज 80 में उत्तीर्ण 40, जिसमे फस्ट डिवीजन 13, सेकन्ड डिवीजन 21, थर्ड डिवीजन 06 है। 600 में 558 अंक व 93 % अर्जित कर शाला में हिना ने प्रथम, येशिका ने 480 अंक व 80% के साथ द्वितीय एवं प्रीजा ने अंक 445 व 74 % के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है।




इस प्रकार 11 वी कला संकाय में कुल 31 में 22 उत्तीर्ण रहे, परिणाम 70.9% रहा। इसमें फस्ट डिवीजन 05, सेकन्ड डिवीजन 12, तृतीय 05 है। कला संकाय में चेतना प्रथम 412 अंक व 83% , हेमकुवर द्वितीय 358अंक व 71.6 % एवं भावना तृतीय 352 अंक व 70% के साथ रहे । 11 वी विज्ञान संकाय में कुल दर्ज 17 में 15 रहे, इसप्रकार संकाय का परिणाम 88 % है । डाली 402 अंक व 80.4% के साथ प्रथम, साहिल 397 अंक व 79.4 % के साथ द्वितीय,टिंकल 383 व 76.6% के साथ तृतीय रहे ।

#### कामर्स के परिणाम

12 वी कामर्स संकाय में कुल दर्ज 08 में 7 उत्तीर्ण फ़स्ट डिविजन 04, सेकन्ड डिवीजन 02, तृतीय 01 रहे। इस प्रकार संकाय का परिणाम 87% है। डोमेश्वरी 401अंक व 80 % के साथ प्रथम, साहिल 332 अंक व 66.2% के साथ द्वितीय जितेंद्र 325 अंक व 65.6 % के साथ तृतीय रहे। संस्था के प्राचार्य जे के उइके ने विद्यालय के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए हर्ष जाहिर करते हुए,समस्त विद्यार्थियों एवं सभी विषय शिक्षकों बधाई एवं शुभकामनाएं दी। घोषणा दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा ,प्राचार्य जे के उइके, जनपद सदस्य डोमेन्द्र राजपूत, सरपंच ग्राम पंचायत बड़गांव सुरेश बढ़ई, समिति सदस्य अशोक पटेल, विक्रम साहू ,मनहरण राजपूत, नोमन लाल ,जयपाल राजपूत , एवं संतराम साहू एवं शाला प्रबंधन समिति के अन्य सदस्य शिक्षक गण और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। अतिथियों के द्वारा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी एवं लगातार अभ्यास करने एवं अगले आने वाले बोर्ड परीक्षा के लिए अधिक मेहनत करते हुए अनुशासन में रहने हेतु शुभकामनाएं दी गई,साथ ही शाला के वरिष्ठ व्याख्याता पी आर रात्रे ,एन के पडोती ,एच चौरके, परीक्षा प्रभारी तेजराम लटिये,कक्षा शिक्षक ,विषय शिक्षक सुशीला ध्रुवे, भेनुमति चतुर्वेदी ,कादंबिनी यादव,खिलेश्वरी तिवारी,केवल सिंह नुरूटी,लोचन प्रसाद साहू,संदीप कुमार वर्मा,प्रेमलाल भुआर्य के एस परतेती,रोशन लाल भंडारी , एस के यदु, एम के पाटिल प्यारे लाल सिन्हा ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। पूरक परीक्षा 24 अप्रैल एवं 25 अप्रैल को शाला स्तर पर किया जाना है जो विद्यार्थी पूरक है वो शाला में उपस्थिति देवें, सम्पूर्ण जानकारी परीक्षा प्रभारी टी आर लटिये एवं कादम्बिनी यादव के द्वारा दिया गया।

## शासकीय विद्यालय पोंडी के परिणाम घोषित

**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोंडी, तहसील व जिला बालोद छत्तीसगढ़ में नवमी एवं 11वी का शिक्षा सत्र 2024–25 वार्षिक परीक्षा परीणाम को प्राचार्य के नन्द, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दानेश्वर मिश्रा, शिक्षाविद पार्थ साहू सरपंच प्रतिनिधि चुरामन साहू, पालक इंद्रजीत गोस्वामी एवं समस्त व्याख्याता शिक्षक के उपस्थिति में परिणाम घोषित किया गया।

जिसमे कक्षा 9वी में प्रथम स्थान लिना गोस्वामी 80.67 प्रतिशत प्रथम स्थान, गीतिका 78.83 प्रतिशत के साथ द्वितीय, कक्षा 11वीं में प्रथम स्थान प्रिया 78.8 प्रतिशत, द्वितीय स्थान चंचल साहू रही। कक्षा नवमी में ओवरऑल 70 प्रतिशत बच्चे एवं 11वीं में 92.30 प्रतिशत बच्चे पास हुए। इसके लिए समिति ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी को बेहतर पढ़ाई के लिए बधाई प्रेषित करते हुए आने वाले भविष्य में जो आवश्यकता हो उसकी पूर्ति हम करेंगे कहकर सभी को अंक सूची प्रदान की गई इस अवसर पर सभी बच्चे उपस्थित थे।





स्वामी जी-83406-38884
ज्योतिर्लिंग
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रुखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी साई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नासिक,
यात्रा दिनांक
04 जून 2025
26 जुलाई 2025
13 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउंड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411